हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
मंगलवार
7 अप्रैल 2026, बरेली

PAGE NO, 07. TOP

एसएसएन बुलंदशहर, मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन विजेता

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह के छठें व सातवें मुकाबलों में भी जमकर रनों की बारिश हुई। एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्रा, सीओ हाईवे शिवम आशुतोष मैच देखने पहुंचे। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने सभी का स्वागत कर उन्हें टूर्नामेंट की जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बेहतरीन क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

छठा मुकाबला एसएनएस बुलंदशहर और जीएसटी आरसीसी बरेली के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएनएस बुलंदशहर ने 222 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएसटी आरसीसी की टीम 209 ही बना सकी। मैच में एसएनएस बुलंदशहर ने 13 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अनुभव सिंह बने। प्रतियोगिता का सातवां मुकाबला मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन (एमएसडी) और एसआरएमएस किंग्स के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमएसडी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 242 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरएमएस किंग्स की टीम 59 रन पर ही ऑलआउट हो गई। मैच में एमएसडी की टीम ने 183 रनों से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच हर्ष बने।